सुप्रभात
रविवार 04.08.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 107
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### रेलवे ने यात्री को खोया हुआ मोबाइल लौटाया



धनबाद। अक्सर देखा जाता है कि रेल यात्रा के दौरान खोई हुई वस्तु वापस नहीं मिलती है। लेकिन इस मामले में शक्तिपुंज एक्सप्रेस का यात्री भाग्यशाली साबित हुआ। ऑपरेशन अमानत के तहत रेलवे ने उस यात्री को खोया हुआ मोबाइल वापस दिलाने का काम किया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ट्रेन के धनबाद स्टेशन पर आने के बाद सहायक उप निरीक्षक विनोद सिंह को बोगियों की जांच के दौरान एस-2 में सीट नंबर 9 पर एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल और चार्जर मिला। उन्होंने मोबाइल रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया। पड़ताल के बाद पता चला कि यह मोबाइल मोहित बंथिया नामक यात्री है, जो बेंगलूरु का रहने वाला है। मोबाइल को बेंगलूरु रेल पुलिस को सौंपा गया, जहां से यात्री की पहचान करने के बाद उसे मोबाइल सौंप दिया गया। मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपये बतायी जाती है।

### मां कपड़ा धोती रही, तालाब में डूबने से बच्चे की हो गई मौत

जामताड़ा। तालाब में डूबने से एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना करमाटांड़ थाना क्षेत्र के भीठरा रामपुर की है। भीठरा रामपुर गांव के आमोद सिंह का 5 वर्षीय छोटा बेटा जितेंद्र सिंह अपनी मां के साथ घर की बगल के तालाब में नहाने गया था। मां कपड़ा धोने में व्यस्त हो गई। उसे लगा कि वह घर चला गया है। इधर पांच वर्षीय जितेंद्र सिंह तालाब में कब डूब गया, किसी को पता नहीं चला। मां घर आकर खोजने लगी तो नहीं मिला। फिर वह तालाब में गई तो देखा कि बच्चा तालाब में डूबा हुआ है। उसे तालाब से निकाला गया। शुक्रवार को भारी बारिश के कारण तलाव पूरी तरह भर गया है।आनंन फानन में बच्चे को जामताड़ा सदर अस्पताल ले जाया गया। परंतु अस्पताल के डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे के माता-पिता समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### 13 आदिवासी समाज के लोगों को मिलेगा वनाधिकार पट्टा



जामताड़ा। नारायणपुर अंचल के अधीन वनाधिकार क्षेत्र में निवास करने वाले कुल 13 आदिवासी समाज के लोगों को वनाधिकार पट्टा दिया जाएगा। इसके लिए चयनित लोगों के आवेदनों की जांच पड़ताल वन विभाग एवं नारायणपुर बीडीओ सह सीओ मुरली यादव द्वारा शनिवार को की गई। बीडीओ ने बताया कि नारायणपुर अंचल अंतर्गत वैसे योग्य लाभुकों का चयन वनाधिकार पट्टा के लिए किया गया है, जो वर्षो से वन भूमि पर वास करते आ रहे हैं। बताया गया कि झारखंड सरकार ने वैसे लोगों के लिए पट्टा देने की स्वीकृति प्रदान की है। मौके पर नारायणपुर रेंजर मृत्युंजय कुमार आवेदनों की जांच में सीआई निरजंन मिश्रा, राजस्व कर्मचारी मो इकबाल अंसारी,अकील अंसारी, वन विभाग के रेंजर, वन रक्षी आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर में उमड़ी महिलाओं की भीड़

# पहले ही दिन फैली अराजकता, आवेदन फार्म नहीं मिलने पर महिलाओं ने की शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 3 से 10 तारीख तक चलने वाला शिविर शनिवार को पहले ही दिन अराजकता की भेंट चढ़ता नजर आया। शिविर के पहले दिन ही बड़ी संख्या में महिलाएं चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय और टाउन हॉल में दिखी। परंतु भीड़ को नियंत्रित करने वाला कोई पदाधिकारी नहीं दिखा। इस पूरे मसले पर पदाधिकारी भी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए।

भीड़ की खबर सुन कुछ देर बाद नोडल पदाधिकारी पहुंचे, लेकिन अराजक स्थिति पर कहा कि कल से सब कुछ सही हो जाएगा। नगर परिषद कार्यालय स्थित शिविर का उद्घाटन झामुमो नेता अशोक मंडल और कार्यपालक पदाधिकारी विजय हांसदा ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। नगर भवन में सीओ कृष्ण लाल मरांडी ने उद्घाटन किया। चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय हांसदा ने कहा कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना महिलाओं के सम्मान से जुड़ी है, शिविर तीन तारीख से दस तारीख तक चलेगा। 21 से 50 वर्ष की महिलाएं शिविर में पहुंच कर योजना का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने मीडिया वा आम लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में लाभुकों को लाने का काम करें। एक भी महिला इस सम्मान से वंचित ना रह जाए।



हालांकि शिविर में पहुंची महिलाओं के बीच काफी रोष दिखा। उनका कहना था कि उन्हें आवेदन फार्म तक नहीं मिला, जिस कारण वह आवेदन नहीं कर पा रही हैं। आंगनवाड़ी सेविकाओं ने उन्हें फार्म नहीं दिया है, जबकि सेविकाओं का कहना है कि उन्हे फार्म कम मिला है।

## दामोदर में बाढ़ से झरिया और आसपास पानी की सप्लाई रुकी

# झमाडा जल संयंत्र केंद्र का इंटेक वल्व नदी में डूबा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जोड़ापोखर।** दामोदर नदी में आई बाढ़ ने जामाडोबा स्थित झमाडा जल संयंत्र केंद्र से झरिया एवं आस पास के क्षेत्रों में पानी सप्लाई की रफ़्तार रोक दी है। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के बाद तेनुघाट डैम परियोजना से दामोदर नदी में पानी छोड़ दिया गया है, जिससे नदी उफान पर है। जल संयंत्र केन्द्र के इंटेक वल्व सहित उपकरण नदी में डूब गए हैं। सामानन्यतः नदी का लेबल 454 आरएल रहना चाहिए, जबकि आरएल लेबल बढ़ कर 467 हो गया है। दामोदर नदी दरिया जैसी दिख रही हैं। नदी का बहाव काफी तेज होने के कारण गोता खोर इंटेक वल्व में फंसे कचरे की सफाई नहीं कर पा रहे हैं। नदी का जल स्तर घटने पर ही वल्व की सफाई हो सकेगी।

दूसरी ओर संयंत्र केंद्र स्थित 9 एवं 12 एमजीडी प्लांट में पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है। झरिया और आस पास की 6 लाख की आबादी को पानी की सप्लाई रोक दी गई है। नदी में कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। झरिया-धनबाद की किसी भी पार्टी का जनप्रतिनिधि सिर्फ कागज पर व्यवस्था ठीक करने व सुधार का दावा कर बाह बाही लूट ले जाता है। हालाँकि हकीकत यह है कि जमीन पर झरिया वासियों को सुचारू रूप से पानी की सप्लाई के लिए कोई काम नहीं किया गया है।

**आशुतोष राणा ने क्या कहा**

जल कार्य अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया कि नदी में बाढ़ की स्थिति है, जिससे की इंटेक वल्व में कचरा भर गया है। नदी का पानी लेवल घटने पर ही वल्व की सफाई कर पानी की सप्लाई की जाएगी।

# ट्रक की चपेट में आ कर बाइक सवार घायल, मुआवजे के लिए सड़क जाम



**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के कंचनडीह पंडरा रोड पर शनिवार दोपहर एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए धनबाद भेज दिया।

बताया जाता है कि बारीक अंसारी पंडरा का रहने वाला है। वह अपनी बाइक से कंचनडीह जा रहा था। तभी कंचनडीह की ओर से आ रहे लोडेड ट्रक ने संकीर्ण सड़क होने के कारण असंतुलित होकर बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जाता है कि ट्रक रिद्धि सिद्धि फैक्ट्री सामान लेकर जा रहा था। घटना के बाद ट्रक चालक व खलासी फरार हो गये। इधर जेबीकेएसएस नेता सचिन महतो के नेतृत्व में ग्रामीण ट्रक के समीप सड़क जामकर मुआवजे की मांग पर अड़े हुए हैं।

# रमा सिन्हा बनी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री

▸▸ **महिला कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता की लहर, बधाइयों का लगा तांता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद की महिला नेत्री रमा सिन्हा के प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री बनने पर बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इसके लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है।

महिला मोर्चा के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी होते ही धनबाद की महिला भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश कुमार और इस ट्रस्ट की पुस्तिका प्रतिध्वनि के संपादक सुनील सिन्हा ने उन्हें पुस्तिका भेंट कर उन्हें बधाई दी। रमा सिन्हा और उनके पति बाघमारा कॉलेज के प्राचार्य डा रंजन कुमार से मिल कर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने स्मारिका भेंट स्वरूप दी। प्रदेश के युवा मोर्चा महामंत्री रुपेश सिन्हा, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री फूल जोशी, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रांत उपाध्याय, जिला भाजपा के महामंत्री रवि सिन्हा, मानस प्रसून, केदुआ मंडल अध्यक्ष आनंद खंडेलवाल एवं उनकी पूरी टीम, शेखर मुन्ना, अजय कांत, विभा रानी, बॉबी पांडे आदि ने उनकी नियुक्ति के लिए पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## एक नजर में

### पूर्वी टुंडी के मुख्यमंत्री मंईया सम्मान शिविर में महिलाएं रही परेशान



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड स्थित मैयरानवाटांड पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना शिविर का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। शिविर में बीडीओ अमृता सिंह, स्थानीय पंचायत की मुखिया खमा मोदक, बीस सूत्री अध्यक्ष नरेश मुर्मू, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, बिपिन चंद्रा दा मौजूद थे। विधायक श्री महतो ने योजना को लेकर महिलाओं के बीच स्वीकृति पत्र बांटे। पेंशन योजना का फॉर्म भरने छोटे शिशु को लेकर आई महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार सर्वर डाउन होने के कारण पेंशन साइट नहीं खुल सका। इस कारण लटानी पंचायत, चुरुरिया पंचायत, रुपन पंचायत में डाटा एंट्री का एक भी खाता नहीं खुला। मैयरानवाटाड पंचायत में 3, उकमा में 9, मोहलीडीह में 7, पाण्ड्रा बैजरा पंचायत में 1, रामपुर में 2 लाभुक की डाटा एंट्री हो सकी। दिन भर सभी पंचायत में महिलाओं की भीड़ जुटी रही। डाटा एंट्री नहीं होने के कारण महिलाएं निराश होकर घर लौटी।

### अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे तरुण भंडारी



**कुमारधुबी।** सोसाइटी फार प्रबल प्रमाणिक एकेडमी ऑफ आर्ट्स की ओर से कोलकाता पश्चिम बंगाल में 16 से 20 अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय कला कार्यशाला व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में हिल व्यू पब्लिक स्कूल सोसाइटी चिरकुंडा के कला शिक्षक तरुण भंडारी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यशाला व प्रदर्शनी में उनकी बनाई पेंटिंग प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही वह चित्रकला के माध्यम से देश की सभ्यता और संस्कृति से युवाओं को परिचित कराएंगे। चित्रकार तरूण भंडारी ने कहा कि प्रदर्शनी में देश केअलावा विदेश के भी लोग भाग लेंगे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लगाया गया कैंप



**जोड़ापोखर।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत कम्युनिटी सेंटर डिगवाडीह वार्ड नंबर 40 में कैम्प लगाया गया। योजना का फॉर्म लेने व रजिस्ट्रेशन कराने के लिए महिलाओं की भीड़ से निपटने के लिए हर जगह तीन से चार टेबुल लगाए गए थे। हर टेबल पर आंगनबाड़ी की सेविका को बैठाया गया था। कैंप में लगभग 300 तक फार्म जमा कर रजिस्टर में मेंशन कर लिया गया। सबसे बड़ी समस्या साइट नहीं खुलने की रही। इस कारण किसी भी महिला का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। हर वार्ड में फॉर्म की कमी देखी गई। महिलाओं के सहयोग में पूर्व वार्ड पार्षद सुजीत कुमार सिंह,अरुण चंद्रवंशी, शिव शंकर मिश्रा, दिनेश खरवार आदि थे वही धनबाद नगर निगम से संतोष कुमार सिंह सहित स्थानीय आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थी।

### सुजाता के तृतीय स्मृति दिवस पर 15 लोगों ने रक्तदान और 5 ने किया नेत्रदान

**सिंदरी।** शिक्षिका सुजाता का तृतीय स्मृति दिवस उनके सिंदरी के केडी कॉलोनी स्थित आवास पर ज्ञान विज्ञान समिति धनबाद ईकाई द्वारा शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, नेत्रदान और रक्तदान शिविर तथा वृक्षारोपण, पुस्तक स्टॉल और स्वास्थ्य चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। रक्तदान शिविर में 15 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इधर 5 नागरिकों ने मरणोपरांत नेत्रदान की इच्छा जाहिर की। समारोह की अध्यक्षता ज्ञान विज्ञान समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रो डॉ दीपक कुमार सेन ने की। उन्होंने विषम परिस्थिति में सुजाता के नाम को जिंदा रखने के लिए उनके पति विकास ठाकुर को धन्यवाद दिया। डॉ सुनील सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कोविड के बाद कम उम्र में लोगों को हार्ट स्ट्रोक की घटना पर चर्चा की। भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशी नाथ चटर्जी ने कहा कि सड़कों की बदहाल हालत के कारण सुजाता की मौत हुई थी। उनके मरणोपरांत पति ने नेत्रदान कर दो लोगों के जीवन में रोशनी प्रदान की। रक्तदान शिविर में एसएनएमएमसीएच धनबाद के चिकित्सक डॉ बी के पांडेय की टीम ने रक्तसंग्रह किया। समारोह का संचालन शर्मिष्ठा सरकार और धन्यवाद ज्ञापन हेमंत जायसवाल ने किया। समारोह में सीटू नेता संतोष घोष, रानी मिश्रा, प्रो राजेंद्र मिश्रा, विकास कुमार ठाकुर, राज नारायण तिवारी, सविता देवी, रंजू प्रसाद, हेमन्त मिश्रा, मुकेश कुमार, गोपाल भट्टाचार्य, रवि सिंह, भोला नाथ राम, दिलीप विश्वकर्मा, गौतम प्रसाद, सुरेश प्रसाद, सुरेंद्र राम, उज्ज्वल कुमार नायक, राम प्रसाद, कैलाश नाथ ठाकुर, अनिल कुमार शर्मा, अमृतेश रंजन, विष्णु कुमार ठाकुर, सुशील कुमार मंडल, विकाश कुमार गुप्ता, प्रफुल्ल कुमार स्वेन, सूर्य कुमार सिंह, रजनीकांत मिश्रा आदि मौजूद थे।

# गलत इलाज से महिला की मौत का आरोप, परिजनों ने किया हंगामा

▸▸ **भीड़ देख संचालक क्लिनिक बंद कर फरार, पुलिस ने लोगों को समझाया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** एग्यारकुण्ड मोची टोला के लोगों ने शनिवार को एग्यारकुण्ड कृष्णा कांटा स्थित पायल क्लिनिक के समक्ष जमकर हंगामा किया। ग्रामीण टोला की एक महिला की मौत में क्लिनिक संचालक पर गलत इलाज का आरोप लगा रहे थे। ग्रामीणों की भीड़ देख संचालक क्लिनिक बंद कर फरार हो गया।

सूचना मिलते ही मुखिया काकुली मुखर्जी पहुंची और पूरी घटना की जानकारी ली। मुखिया परिजनों व ग्रामीणों को लेकर ओपी पहुंची। मृतका की मां जवा रोहिदास ने पुत्री कल्पना रोहिदास की मौत का जिम्मेवार क्लिनिक संचालक एवं कंपाउंडर को ठहराया। दोनों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। कहा की 29 जुलाई की सुबह नौ बजे गर्भवती पुत्री कल्पना को पायल क्लिनिक में भर्ती कराया। वहां डॉ एसएम झरियात ने कहा कि आपकी बेटी का गर्भपात हो गया है और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शंकर से वाश कराया जाएगा। लेकिन झोला छाप डॉ सुदाम बाउरी एवं नंदन गुप्ता द्वारा वाश किया गया। इस कारण बच्ची की जान चली गई। मुखिया ने क्लिनिक संचालक डॉ एसएम झरियात पर लापरवाही बरतने एवं झोला छाप डॉक्टर पर कड़ी कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कराने की मांग की। पुलिस ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस संबंध में क्लिनिक संचालक डॉ एसएम झरियात से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।



# चिटाही धाम जाने वाले मार्ग पर 40 फीट का बना गोफ, फैली दहशत

▸▸ **अनिष्ट की आशंका से घबराये लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन से लगाई गुहार**



**कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह हीरक मार्ग से चिटाही धाम जाने वाले मार्ग पर मुराईडीह बस्ती से लगभग 150 मीटर की दूरी पर शनिवार की दोपहर करीब 40 फीट का बड़ा गोफ बन जाने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। बताते चलें कि गोफ का दायरा काफी बड़ा और खतरनाक है। इस मार्ग में सड़क का निर्माण हाल ही में किया गया है। रोड बनने से चिटाही धाम जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत हो रही है। परन्तु शनिवार को मार्ग के समीप भू धंसान से गहरा गोफ बन गया है। चिटाही धाम आने जाने वाले लोग किसी अनिष्ट की आशंका से दहशत में हैं। बताते चलें कि उस स्थल पर नीचे कोयले का अवैध उत्खनन किये जाने से उक्त जमीन खोखली हो गई है। पहले वहां भूमिगत खदान थी। अनिष्ट की आशंका से चिंतित आसपास के ग्रामीणों ने बीसीसीएल बरोरा क्षेत्रीय प्रबंधन से उस स्थल की भराई की मांग की है। उस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग चिटाही धाम आना जाना करते हैं। सड़क धंसने से किसी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

# मैथन और पंचेत डैम में तेजी से बढ़ रहा है जलस्तर

## विगत 24 घंटे में दोनों डैम में साढ़े छह फीट बढ़ा पानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** झारखंड में दो दिन से हो रही बारिश के कारण डीवीसी के मैथन, पंचेत एवं कोनार डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में मैथन एवं पंचेत डैम का जलस्तर करीब साढ़े छह फीट बढ़ गया है, जबकि कोनार डैम का जलस्तर करीब दस फीट तक बढ़ गया है।

हालांकि तिलैया डैम के जलस्तर में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। डैम में बढ़ते जलस्तर की रफ्तार को देखते हुए केन्द्रीय जल आयोग एवं डीवीसी के एमआरओ विभाग ने मैथन एवं पंचेत डैम से पानी छोड़ना शुरू कर दिया है, जिससे दामोदर घाटी के निचले क्षेत्र (पश्चिम बंगाल) में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

इसके लिए केन्द्रीय जल आयोग एवं डीवीसी एमआरओ विभाग ने पश्चिम बंगाल सरकार को ग्रीन अलर्ट जारी कर दिया है।





डैम के बढ़ते जलस्तर पर केन्द्रीय जल आयोग एवं डीवीसी एमआरओ विभाग नजर बनाई हुई है, हर पल की सूचना ली जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अधिकारियों ने बताया कि अभी चिंता की कोई बात नहीं है। डैमों का जलस्तर खतरे के निशान से अभी काफी पीछे है, लेकिन इसी तरह लगातार बारिश होती रही, तो बहुत जल्द डैम का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच जाएगी।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार मैथन डैम का जलस्तर 2 अगस्त के सुबह 6 बजे 466.44 फीट मापा गया था, जो 3 अगस्त के सुबह 6 बजे तक बढ़कर 472.93 फीट हो गया है। 24 घंटे में मैथन डैम का जलस्तर में करीब साढ़े छह फीट की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि मैथन डैम का खतरे के निशान 495 फीट है। इसी तरह पंचेत डैम का जलस्तर 2 अगस्त को 406.66 फीट था, जो 3 अगस्त को बढ़कर 412.24 फीट हो गया है। पंचेत डैम का खतरे के निशान 425 फीट है। कोनार डैम का जलस्तर 2 अगस्त को 1369.72 फीट मापा गया था, जो बढ़कर 3 अगस्त को 1379.99 फीट हो गया है। तिलैया डैम का जलस्तर 2 अगस्त को 1194.26 फीट था, जो 3 अगस्त को 1194.95 फीट मापा गया।

तिलैया डैम का जलस्तर में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। तेनुघाट डैम का जलस्तर में भी भारी वृद्धि दर्ज किया गया है। तेनुघाट का जलस्तर 2 अगस्त को 845.41 फीट मापा गया था, जो बढ़कर 3 अगस्त को 851.31 फीट हो गया है। तेनुघाट का जलस्तर विगत 24 घंटे में छह फीट बढ़ गया है।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार मैथन डैम में करीब 78 हजार एकड़ फीट पानी प्रति घंटा दामोदर घाटी के ऊपरी क्षेत्र से आ रहा है, जिसके अनुपात में मैथन डैम से 7175 एकड़ फीट पानी छोड़ा जा रहा है। इसी प्रकार पंचेत डैम में 83284 एकड़ फीट पानी प्रति घंटे आ रहा है और 17130 एकड़ फीट पानी छोड़ा जा रहा है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि डैमों में जैसे जैसे पानी आने की मात्रा में वृद्धि होगी, उसी अनुपात में डैमों से पानी छोड़ा जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब बाघमारा ने किया यातायात सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



**कतरास।** लायंस क्लब बाघमारा द्वारा संस्कार ज्ञान पीठ विद्यालय में शनिवार को यातायात सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर सड़क पर वाहन चलते समय परिवहन विभाग के दिशा निर्देशों के बारे में अवगत कराया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, मद्यपान से बचने, विभाग के नियम का पालन करने, सिंगल बत्ती पर गाड़ी बंद करने, दुर्घटना के बाद घायलों की मदद करने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने आदि के बारे में बताया गया। मौके पर नीरजा राय, सुभाष रजक, राहुल कुमार, आनंद गौतम, संजीव यादव, विकास कुमार, सुरेश महतो, चुन्नू सिंह, मुन्ना यादव, बबली चौहान, करण रवानी आदि मौजूद थे।

### शॉर्ट सर्किट से सुरक्षाकर्मियों का वाहन जलकर हुआ खाक



**मैथन।** ईसीएल के राजपुरा कोलियरी खदान में शनिवार की सुबह करीब दस बजे मुगमा एरिया सुरक्षा कर्मियों के वाहन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। जब तक लोग कुछ समझ पाते वाहन पूरी तरह जल कर खाक हो गया। खदान में आग बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। सूचना पर एमपीएल का अग्निशमन दस्ता भानू प्रताप सिंह व स्वरुप कुमार के नेतृत्व में खदान पहुंचा। लेकिन खदान के रोड पर काफी कीचड़ थी, जिससे अग्निशमन वाहन को एक किमी पहले ही छोड़ दस्ता को पैदल पहुंचना पड़ा। इसमें लगभग आधा घंटे का समय लग गया। तब तक सुरक्षाकर्मियों का बोलेरो पूरी तरह जल गया। बताया जाता है कि उक्त बोलेरो एक ईसीएल कर्मी की पत्नी के नाम से है, जो भाड़े पर दिया गया था। हालांकि जानमाल की कोई हानि नहीं हुई है।

### पवन लया के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे धर्मजीत सिंह



**सिंदरी।** बलियापुर थाना अंतर्गत दोलाबड़ मल्लिक टोला निवासी पवन लया की ओडिशा में असामयिक मृत्यु पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मजीत सिंह परिजनों को सांत्वना देने शनिवार को उनके घर पहुंचे। वह विगत एक वर्ष से ओडिशा के अंगुल में कार्यरत थे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की मदद से उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया और अंत्येष्टि की गई। भाजपा नेता धर्मजीत सिंह ने कहा कि परिजनों सहित पूरा गांव शोकाकुल है और इस दुःख की घड़ी में वह परिजनों के साथ खड़े हैं। मृतक के परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि जल्द दिलाने के लिए उनकी टीम सहयोग कर रही है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक में आम सभा को सफल बनाने का निर्णय

**मैथन।** निरसा चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक निरसा बाजार में अध्यक्ष मुरली किशोर साव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 5 अगस्त को आयोजित चेंबर ऑफ कॉमर्स की आमसभा में सभी दुकानदारों से उपस्थित रहने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुरली किशोर साव ने कहा कि 5 अगस्त को निरसा गुरुद्वारा पंजाबी मिलन में चैंबर ऑफ कॉमर्स की आमसभा का आयोजन किया गया है। आमसभा में चैंबर ऑफ कॉमर्स निरसा शाखा का चुनाव करने का भी निर्णय लिया गया है। आमसभा में ज्यादा से ज्यादा निरसा के दुकानदार मौजूद रहें और अपना सुझाव रखें। सभा में चैंबर ऑफ कॉमर्स की नई कमेटी का भी गठन किया जाएगा।

# अपने अधिकारों से अब भी वंचित हैं ग्राम प्रधान : शिवलाल मुर्मू

## बैठक में प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की मांग पर सहमति बनी

खबर मंत्र संवाददाता



**जामताड़ा।** नारायणपुर अंचल सभागार में शनिवार को ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वंचित पदधारकों की सम्मान राशि के भुगतान के लिए पहल करने पर बल दिया गया।

ग्राम प्रधान के प्रखंड अध्यक्ष हेमन मुर्मू ने कहा कि अपने अधिकारों की रक्षा करते हुए प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना है। ग्राम प्रधानको किसी राजनीतिक पार्टी का हिस्सा नहीं बनने दें। वह अपने विचार और किसानों के हक के लिए कार्य करते हैं। ग्राम प्रधान शिवलाल मुर्मू ने कहा कि ग्राम प्रधान संगठन को किसी भी राजनीति पार्टी या विचारधारा में विश्वास नहीं रखते। अपने विचारों से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में अध्यक्षता अधिकार मिलना चाहिए। सरकारी योजना के संचालन में ग्राम सभा और ग्राम प्रधान से सहमति ली जानी चाहिए।

बैठक में सरकार से प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की मांग पर सहमति बनी। कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की सूचना देने पर विभाग को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। इसके अलावा एसपीटी एक्ट में प्रदत्त अधिकारों से भी ग्राम प्रधान वंचित हैं। किस मौजा में कौन सा सरकारी काम होनेवाला है, इसकी सूचना ग्राम प्रधानों को भी मिलनी चाहिए। कहा कि ग्राम प्रधानों को जानकारी होगी तो कार्य में पारदर्शिता आएगी। इस अवसर पर बानेश्वर मरांडी, मदन मुर्मू, हेमन मुर्मू, अमृत मंडल, नूरूद्दीन अंसारी, सुल्तान मियां, हीरालाल मुर्मू, गौरीशंकर तिवारी, सनातन महतो, गौरी शंकर रवानी, ईश्वर राय, सीताराम चौबे, रामलाल हेंब्रम, राम प्रसाद मंडल, सुशील, नूरमोहम्मद, मंसूर अंसारी, आदि मौजूद थे।

## मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने उमड़ी महिलाओं की भीड़

# हर योग्य महिला को योजना का लाभ मिलेगा : बीडीओ

खबर मंत्र संवाददाता



**कतरास।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर शनिवार को बाघमारा प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में शिविर लगाया गया। ज्ञात हो कि शिविर 10 अगस्त तक चलेगा। योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपया उपलब्ध कराया जाना है। शिविर के पहले दिन महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ के कारण काफी अफरा तफरी का माहौल रहा। डाटा संचालन में देरी से महिलाओं को काफी देर रुकना पड़ा। आंगनबाड़ी सेविकाएं महिलाओं के सहयोग के लिए मौजूद थी। शिविर के प्रथम दिन बाघमारा बीडीओ डॉ सुषमा आनंद स्वयं पंचायत सचिवालयों का परिभ्रमण कर मॉनिटरिंग कर रही थी। उन्होंने योजना को सफल बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की इस योजना के तहत 21 से लेकर 50 वर्ष तक की महिलाओं को लाभ दिया जाना है। सभी पंचायत सचिवालय में मुखिया के अलावा पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण भी काफी संख्या में मौजूद थे।

## अंधा मोड़, मल्लिक बस्ती में जल निकासी की व्यवस्था नहीं, लोगों ने प्रशासन को कोसा

# 16 घंटे की झमाझम बारिश के बाद भी कोयलांचल के लोग रहे परेशान

▸▸ कोलियरी क्षेत्र में गैस रिसाव से लोगों में भय

खबर मंत्र संवाददाता



**धनबाद।** जल ही जीवन है, लेकिन जल प्रलय बर्बादी की निशानी है। शुक्रवार को 16 घंटे की झमाझम बारिश ने यही साबित किया है। पठारी क्षेत्र होने के बाद भी कोयलांचल के लोगों को इस बारिश से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। शनिवार को मानसून कमजोर रहा, रिमझिम फुहारेंही देखने को मिली। बावजूद लोग जल जमाव की समस्या से परेशान रहे। जल निकासी का समुचित प्रबंध नहीं होंने के कारण धैया अंधा मोड़, मल्लिक बस्ती के लोग सबसे ज्यादा परेशान दिखे। कुछ लोग जमे पानी में वाहन भी धोते नजर आये। नगर निगम की टीम पानी निकासी के काम में दिनभर जुटी रही।

बस्ती की मुन्नी देवी ने बताया कि नाला का निर्माण नहीं होने से बारिश का पानी घरों में घुस जाता है। शुक्रवार को बारिश से घर में तीन फीट पानी जमा हो गया, जो आज तक बाहर निकाल रहे है। दूसरे स्थान पर जाकर रहना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद प्रफुल्ल मंडल ने बताया कि नगर निगम चुनाव को लेकर पूर्व मेयर व पार्षद आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन इन लोगों ने अपने कार्यकाल में कुछ नहीं किया। स्थानीय विधायक, सांसद ने भी यहां के लोगों की समस्या के लिए कुछ नहीं किया। नगर आयुक्त को भी पूर्व में चिट्ठी लिख चुके हैं। अब सोमवार को आखिरी बार चिट्ठी देंगे, उसके बाद समाधान नहीं हुआ तो मंगलवार से धरना पर बैठ जायेंगे। साथ ही जल निकासी के लिए नाले का निर्माण नहीं हुआ तो हम बस्ती वालों के साथ चुनाव का बहिष्कार करेंगे। बस्ती में किसी नेता को घुसने नहीं देंगे।

वहीं कोलियरी क्षेत्र में लगातार गैस रिसाव से अग्नि पभावित क्षेत्र धुआं-धुआं हो गया है। लोदना हाई स्कूल के पास गोफ की घटना हुई है। बीसीसीएल को भी बारिश से नुकसान हुआ है। कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच प्रभावित हुआ है। ओपन कास्ट खदानों में पानी भरने एवं सड़क पर कीचड़ से कोयले का उत्पादन एवं डिस्पैच दोनों प्रभावित रहा। बारिश की गंभीरता को देखते हुए भूमिगत खदानों में कोयला कर्मियों को नहीं जाने दिया गया। बात सिर्फ बीसीसीएल की ही नहीं है, ईसीएल और सीसीएल में भी बारिश का व्यापक असर है।

वहीं मैथन डैम का जलस्तर 468 फीट जबकि पंचेत डैम का जलस्तर 408 फीट हो गया। दामोदर नदी के जलस्तर में भी बढ़ोतरी हुई है। इस कारण शनिवार को शहरी क्षेत्र सहित कोलियरी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति बाधित रही। पेयजल विभाग के कर्मियों ने पानी में मोटर डूबने तथा बिजली की समस्या के कारण जलापूर्ति बाधित होने की बात कही।

## एक नजर में

### रोजगार मेला सात अगस्त को

**धनबाद।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से 7 अगस्त को बरटांड़ स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में 2250 अलग अलग पदों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नियुक्तियां की जाएंगी। रोजगार मेला में 9 हजाररुपये महीना से 52 हजार रुपये तक की नौकरी मिलेगी। इच्छुक उम्मीदवार, रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ शामिल हो सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने के इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक,आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंध कार्ड, बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ आना होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

### राजेंद्र उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक का निधन



**बेरमो/कथारा।** राजेंद्र उच्च विद्यालय जारंगडीह बेरमो,, बोकारो के संस्थापक प्रधानाध्यापक श्रद्धेय इंद्रदेव मंडल जी का हृदय गति रुक जाने से उनके निवास स्थान आशिया चक सुल्तानगंज बिहार में निधन गुरुवार को हो गया। सन 2001 में राजेंद्र उच्च विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए थे। इस मौके पर शुक्रवार को विधालय हांल में राजेंद्र उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने श्रद्धांजलि सभा अर्पित करते हुए कहा मंडल सर जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, वह एक व्यक्ति नहीं संस्था थे, सामाजिक तथा आध्यात्मिक कार्य में उनकी विशेष रूचि थी। उनके निधन से शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। दुखद समाचार मिलने के पश्चात हरपाल सिंह सहदेव प्रसाद मिस्त्री हनुमान दयाल सिंह अखिलेश सिंह सहदेव प्रसाद यादव पुष्पांजलि नंदी अनीता सिंह, साजेश कुमार आरपी सिंह बिरमानी पांडे देवचन्द्र एवं गायत्री परिवार के चंद्रभूषण प्रसाद पंचदेव प्रसाद यादव एवं अन्य सदस्य गण तथा राजेंद्र उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह सविता कुमारी निर्मल तुरी कमल किशोर गुप्ता मनीष कुमार जितेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की।

### आर लॉन्च के टीम के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बच्चों का निशुल्क किया हेयर कटिंग।



**बेरमो।** आर लॉन्च सैलून के निर्देशक राकेश यादव पवन ठाकुर के द्वारा अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जरीडीह बाजार में विद्यालय के के लगभग 150 बच्चों एवं बच्चियों का आर लॉच सैलून के आए दर्जनों सहयोगियों के द्वारा हेयर कट मुहिम के तहत बच्चो के बाल कटा गया विद्यालय के बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया आर लॉन्च के ही पवन कुमार ठाकुर इसी विद्यालय से पुरातन छात्र भी है उन्होंने बताया कि हमने कई वर्षों तक इस विद्यालय में शिक्षा ली है हमारी इच्छा थी कि मैं इस विद्यालय में अपना सेवा दे इसी बावत हमने विद्यालय के सचिव अनिल अग्रवाल जी से अपनी बात कही उन्होंने सहज स्वीकार करते हुए आज यह कैंप लगवाया गया आर लॉच सैलून के निर्देशक राकेश यादव के मार्गर्शक पर पूरा टीम अपनी सेवा दी। वही समाज सेवी अनिल अग्रवाल ने इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि आर लॉन्च की पूरी टीम सामाजिक कार्यों में हमेशा योगदान देती है आ रही है। मौके पर आर लॉच सैलून के निर्देशक राकेश यादव, पवन ठाकुर, पवन यादव, राज ठाकुर, स्टाफ : अनुराधा कुमारी, आरची कुमारी, तनु कुमारी, गुड़िया कुमारी, रेनू कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### नाबालिक पर हमला करने के आरोपी प्रिंस ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लातेहार।** नाबालिक युवक अंकित कुमार को जान से मारने की नियत से गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपी प्रिंस ठाकुर पिता बैजनाथ ठाकुर पता धर्मपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि 23 जुलाई को अंकित को जान से मारने की नियत से गंभीर रूप से घायल करने बाद प्रिंस ठाकुर समेत 10 युवक फरार चल रहे थे। इन सभी के खिलाफ कांड संख्या 133/24 धारा 191(1)/191(3)/118(1)/109(1) दर्ज किया गया है। इन सभी के खिलाफ लातेहार पुलिस लगातार छापामारी कर रही है इस दौरान शुक्रवार की शाम को प्रिंस ठाकुर को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं इस बावत थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा ने बताया कि बचे हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है दोषी को किसी भी हाल मे छोड़ा नहीं जाएगा।

**क्या है मामला :** बिते 23 जुलाई 2024 को शहर में नाबालिक युवकों का गैंग मंगलवार को शहर के मेन रोड निवासी स्कूली छात्र अंकित कुमार (16) वर्ष पिता स्व. ओम प्रसाद साहू के साथ नाबालिक युवको के गैंग ने मारपीट की थी इस मामले में अंकित ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने दिये आवेदन में बताया था कि मंगलवार को प्लस टू उच्च विद्यालय से निकले तो विद्यालय के बाहर लगभग 17 से 18 लड़कों के झुंड ने मेरे दोस्त नमन सिंह पिता अजीत सिंह पर हमला कर दिया। इसके बाद मैं बीच बचाव करने गया। तो चंदन यादव, प्रिंस ठाकुर, नवीन ठाकुर, अतुल कुमार, हरिओम पांडे, हर्ष कुमार, नवल गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, नंदन यादव, रोशन कुमार समेत कई लोगो ने चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसे लेकर अंकित ने मामले पर थाना प्रभारी से कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी।

## धनबाद प्रेस क्लब चुनाव: खबर मंत्र के राममूर्ति पाठक बने सचिव



खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद प्रेस क्लब का चुनाव शनिवार को संपन्न हो गया। नई कार्यकारणी में संजीव झा अध्यक्ष, वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, महासचिव अजय प्रसाद, उपध्यक्ष बलवंत कुमार, सुरेंद्र यादव, अमर प्रसाद, प्रतीक पोपट, शरद चंद्र पांडे, सचिव राममूर्ति पाठक, नवीन राय, चंदन पाल, संजय चौरसिया, मोहन गोप सहित 7 कार्यकारणी सदस्य विजयी रहे। मतदान की प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चली। उसके बाद शाम 6 बजे मातो की गिनती शुरू हुई। साढ़े आठ बजे परिणाम घोषित किया गया। चुनाव संपन्न कराने में चुनाव प्रभारी विजय पाठक, अभय भट, विजय कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## गुरु नानक कॉलेज में वोकेशनल स्टडीज के नये छात्रों के लिए परिचय सत्र का आयोजन



**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ वोकेशनल स्टडीज के नये छात्र-छात्राओं के लिए बैंक मोड़ शाखा के मल्टीपरपज हॉल में परिचय सत्र का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्रों ने सबद गायन तथा गणेश वंदना की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने नव नामांकित छात्रों को नियमित कक्षा से होने वाले लाभ के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

महाविद्यालय के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल ने युवाओं और छात्र-छात्राओं को समाज का सजग प्रहरी बताया तथा उनके मजबूत कंधों पर समाज के विकास की नीव टिकी है। इसलिए उन्हें ज्ञान हेतु अधिक से अधिक पुस्तकों के अध्ययन की आवश्यकता है। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो पी शेखर ने छात्रों को सफल होने के लिए जीवन में अनुशासन बनाए रखने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम में प्रो उदय कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन तथा मंच संचालन अंशिका और रिया ने किया। कार्यक्रम का सफल समापन राष्ट्रीयगान से हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के शासी निकाय के गणमान्य सदस्याओं में सरदार मंजीत सिंह, सरदार गुरजीत सिंह, सरदार तीर्थ सिंह, सरदार मंजीत सिंह सलूजा, प्रोफेसर इंचार्ज महिला शाखा डॉ रंजना दास, प्रो संतोष कुमार, प्रोफेसर डॉ मीणा मालखंडी, प्रो डॉ वर्षा सिंह, प्रो सोनू प्रसाद यादव, प्रो स्नेहल, प्रो अभिषेक, प्रो पीयूष, प्रो ममता, प्रो कौशिक सहित 200 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल थी।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर लगा शिविर

**धनबाद।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर शनिवार को बाघमारा, बलियापुर, गोविंदपुर, कलियासोल निरसा, पूर्वी टुंडी, तोपचांची एवं टुंडी के सभी पंचायतों के साथ धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में शिविर लगाया गया। शिविरों में महिलाओं ने आवेदन जमा किए। आवेदनों की पोर्टल पर ऑनलाइन इंट्री करने के लिए वीएलई मौजूद रहे। शिविरों का आयोजन आगामी 10 अगस्त तक किया जाएगा।

शिविरों के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन को लेकर विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी सहित जिले के वरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रखंडों का दौरा किया। शिविरों में प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी भी मौजूद थे।



## अवैध बालू लदा 2 व अवैध स्टोन चिप्स लदा ट्रैक्टर जब्त



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के खिलाफ जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने मेमको मोड़ में जांच अभियान चलाया गया। खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि जांच में अवैध बालू लदा 2 ट्रैक्टर व अवैध स्टोन चिप्स लदा 1 ट्रैक्टर जब्त किया गया। आगे की कार्रवाई के लिए सभी वाहनों को बरवाअड्डा थाना को सुपुर्द कर दिया गया। जांच दल में सुमित कुमार प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली एवं पुलिस बल शामिल थे।

# बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : एसडीपीओ

## थाना एवं ओपी प्रभारी को लोगों की फरियाद पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** निरसा एसडीपीओ के मैथन स्थित कार्यालय में शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला द्वारा अपराध गोष्ठी में उपस्थित सभी थाना प्रभारियों से बारी बारी से प्रतिवेदित एवं निष्पादित होने वाले संभावित कांडों की समीक्षा की गई।

एसडीपीओ श्री बाखला ने कहा कि अपने क्षेत्र में थाना प्रभारी बच्चा चोरी की अफवाहों और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं, इसमें लापरवाही नहीं बरतें। उन्होंने वरीय पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त पत्रों का निष्पादन, वारंट का निष्पादन, चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि अपराधों की रोकथाम हेतु कई आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही वारंट, कुर्की, सम्मन आदि का निष्पादन करने में ढिलाई नहीं बरतने का निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह, चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक फागु होरो, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, निरसा पुलिस निरीक्षक अक्षय राम, एमपीएल ओपी प्रभारी योगेन्द्र कुमार, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, कालुबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश, गलफरबाड़ी ओपी नीतीश कुमार, कुमारधुबी ओपी पंकज कुमार, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय, रीडर जे पी वर्मा आदि मौजूद थे।

### क्या कहा एसडीपीओ ने

एसडीपीओ ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि लोग बच्चा चोरी की अफवाह से बचें, किसी तरह की सूचना हो, तो पुलिस को बताएं। कानून अपने हाथ में नहीं लें, नहीं तो अफवाह फैलाने वालों पर ही पुलिस कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि बच्चा चोरी की खबरें अफवाह साबित हो रही हैं। ऐसे में किसी भी व्यक्ति को मारना-पीटना ठीक नहीं है। उन्होंने गोष्ठी में मौजूद तमाम थाना एवं ओपी प्रभारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में चोरी, डकैती सहित लंबित मामलों के निष्पादन एवं लोगों की फरियाद पर त्वरित कार्रवाई करें।

# भारी बारिश से मां छिन्नमस्तिका मंदिर में घुसा पानी

**रामगढ़ शहर के गोलपार, आजाद बस्ती के कई घर हुये जलमग्न**

दामोदर और भैरवी नदी उफान पर, सैकड़ों घर जलमग्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश से दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। भैरवी में बाढ़ आने से रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में भी पानी घुस गया है। वहां श्रद्धालुओं के लिए मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया है। दूसरे द्वार से श्रद्धालुओं को प्रवेश कराया जा रहा है। भैरवी नदी का पानी बली स्थल तक पहुंच गया है। साथ ही अन्य रास्तों में भी पानी घुस गया है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। रजरप्पा मंदिर के मुख्य द्वार के पास सैकड़ों दुकानों में पानी घुस जाने की वजह से भारी नुकसान हुआ है। रामगढ़ जिला प्रशासन और मंदिर न्यास समिति के लोगों ने श्रद्धालुओं को अलर्ट रहने की हिदायत दी है। साथ ही नदी में स्नान करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंदिर कमेटी के सदस्यों का कहना है कि अभी बाढ़ आई हुई है जिसकी वजह से जान माल की क्षति होने की संभावना है।श्रद्धालु अभी नदी में नहाने के लिए घुसते हैं तो उन्हें खतरा हो सकता है। रामगढ़ में भी जिला प्रशासन ने दामोदर नदी के किनारे रहने वाले लोगों को हाई अलर्ट किया है यहां तक कि पशुपालकों को भी नदी के किनारे नहीं जाने की हिदायत दी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में बाढ़ का पानी घुस गया है। शहर के गोलपार, पुरनी मंडप में बसे आजाद बस्ती के कई घर जलमग्न हो गए हैं। लोगों को भारी नुकसान हुआ है। अनाज और जरूरत की चीजें पानी की वजह से नष्ट हो गई हैं। जिला प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि लोगों की मदद कर रहे हैं।लोगों के घरों तक जाने के लिए रास्ते नहीं बचे हैं। घरों को छोड़कर लोग सड़कों पर रहने को विवश हैं।

## कुजू : चैतन्य महाप्रभु के मंदिर में घुसा पानी



कुजू। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त- व्यस्त हो गया है। तालाब, नदी पूरी तरह से लबालब भर गए हैं। वहीं नालों के पानी कई स्थानों में सड़क ही बह रहे हैं। सीसीएल तोपा के लोकल सेल में चलने वाले ट्रक व कुजू साइडिंग आने वाले हाइवा वाला मार्ग पूरी तरह से बह गया। रेलवे साइडिंग आने वाले हाइवा का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। हेसागढ़ा चौथा नदी का पानी चरण पहाड़ी स्थित चैतन्य महाप्रभु के मंदिर के दीवार को तोड़ते हुए घुस गया।

## भुरकुंडा में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण भुरकुंडा नलकारी नदी और दामोदर नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जिसके कारण लोग नदी किनारे बढ़ते पानी को देखने के लिए भारी संख्या मे जमा हो रहे हैं। बारिश के कारण लोग घर में दुबके रहने को मजबुर हैं। लगातार हो रहे बारिश के कारण रोजमर्रा के कार्यो के लिए लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। इधर लगातार हो रहे बारिश के कारण बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। भुरकुंडा बाजार में बारिश से नाली का पानी मेनरोड के उपर से बह रहा है।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में मंईयां योजना का लगा कैंप



कुजू। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर शनिवार को कई स्थानों पर लगा शिविर। हजारों आवेदकों ने फार्म भरकर जमा किया। सर्वर डाउन रहने से फार्म को जनरेट करने में काफी परेशानी हुआ। मांडू प्रखंड के कुजू पूर्वी, कुजू दक्षिणी, पश्चिमी के अलावे ओरला, तोपा, आरा, सारूबेड़ा, रतवे पंचायत सचिवालय में मुखियाओं की मौजूदगी में आवेदकों ने फार्म भरा। मुखिया ने कहा की यह योजना 21-50 वर्ष तक की महिलाएं लाभ ले सकती हैं। लेकिन इस योजना को लेकर सरकार की ओर से जो नियम व मानक बनाया गया है, उसकी अहर्ता हर हाल में पुरा करना होगा। इधर अयोजित यह शिविर 3 अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक चलेगा। जिसमें निर्धारित आयु की सभी महिला व युवतियों को लिया जायेगा। शिविर छोटकी डूंडी, करमा उत्तरी, दक्षिणी के अलावे नगर परिषद के क्षेत्र में भी लगा।

### दोतल्ला पंचायत में भी लगा शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में शनिवार को झारखंड मंईयां सम्मान योजना के लिए लगा शिविर। इसका शुभारंभ मुखिया सत्यवंती देवी ने एक लाभार्थी का आवेदन भरकर किया। महिलाओं का 118 ऑफलाइन आवेदन भरा गया। सर्वर में गड़बड़ी रहने के कारण मात्र 12 आवेदकों का ही ऑनलाइन आवेदन भरा सका। सत्यवंती देवी ने बताया कि यह झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके द्वारा अत्यंत निर्धन गरीब परिवार की महिलाओं को अपना घर चलाने में काफी सहयोग मिलेगा।इ शिविर को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, रंजु सिंह, मीरा देवी, अतोषी मुखर्जी, रिया कुमारी, शकुंतला देवी, किरण सिंह, सेरोफिना एक्का, प्रेमी सलोमी तिर्की, पंचायत सचिव सागर कुमार और प्रज्ञा केंद्र संचालक विनय कुमार ने अपना योगदान दिया।

### संजय मिश्रा बने केंद्रीय सदस्य



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक सह प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर भुरकुंडा निवासी संजय मिश्रा को मोर्चा का केंद्रीय सदस्य मनोनित किया है। साथ ही आशा व्यक्त किया है कि संजय मिश्रा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल क्षेत्र के सभी आंदोलनकारियों को गोल बंद करने की दिशा मे सकारात्मक पहल करेंगे। साथ ही संगठन की मजबूती में अहम भुमिका निभायेगें। इधर मोर्चा के नव मनोनीत केंद्रीय सदस्य संजय मिश्रा ने कहा कि सौंपे गए दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर मोर्चा के हित में कार्य करूंगा।

### बारिश से ढहा गरीब का आशियाना

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत के केन्दुआडीह निवासी बसंत नायक पत्नी भुनेश्वरी देवी का घर शुक्रवार को? लगातार हो रही भारी बारिश से घर का आधा हिस्सा टूटकर गिर गया। प्लगातार हो रही बारिश से देर रात अचानक घर का आधा हिस्सा ढह गया। और घर में पुरा पानी घुस गया जिसके कारण घर के अंदरसमान एवं खाद सामग्री का भी काफी नुकसान हुआ है. घटना की रात उसी मकान में घर के सदस्य सोए हुए थे घटना से बाल- बाल बच गए। घर के अलावा किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है।? घर का आधा हिस्सा टूट जाने से घर में रहने पर घर के परिवार विवश और काफी चिंतित है। बताते चलें कि की बसंत नायक का घर इसके पहले भी बारिश के कारण घर के कुछ हिस्सा ढह कर गिर गया था, किसी तरह घर को मरमती करके रह रहे थे। वो भी अब ढह कर गिर गया। परिवार ने सरकार से आर्थिक मदद एवं आशियाना हेतु मदद की गुहार लगाई है ।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरही।** बीते दिनों बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौतिया मोड़ के पास श्वेता कुमारी पति कुनकुन स्वर्णकार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद इसकी जानकारी महिला के मायके वालों को हुई। युवती के पिता बजरंगी साव धगर टोली, थाना चतरा ने बरही थाना में आवेदन देकर अपने दामाद समेत कुल 8 लोगों पर दहेज को लेकर प्रताड़ित करने, मायके से 5 लाख रुपये लाने की धमकी देते थे। उनकी बेटी के द्वारा इसका विरोध करने पर परस्पर गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने का प्रयास करते थे। शनिवार को मायके वालों की उपस्थिति में हजारीबाग में अंत्यपरीक्षण हुआ। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### बरही : शिविर में 671 फॉर्म मिले

बरही। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ करसो पंचायत भवन में हुआ। कार्यक्रम में बीडीओ क्रिस्टिना रिचा इंदवार ने लाभुको को फार्म देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इंदवार ने कहा कि 21 से 50 वर्ष के लाभुको को इस योजना का लाभ मिले। आवेदन आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया है। फॉर्म भरकर शिविर में ही ऑनलाइन करने की व्यवस्था की गई है लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण ऑनलाइन नहीं हो सका। कार्यक्रम 3 से 10 अगस्त तक होना है। सभी लाभुकों को प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में विशेष अभियान के तहत कार्य किया जाना है। इसके लिए करसो पंचायत भवन में मुखिया उषा राम, प्रतिनिधि मुकेश राम, पंचायत सचिव संजू कुमारी सभी आंगनबाड़ी सेविका मौजूद रहे। शिविर में कुल 671 फॉर्म प्राप्त हुआ। मौके पर उपमुखिया बालेश्वर यादव, मोहन मिर्धा, सुरेंद्र दास, वार्ड सदस्य रिंकी कुमारी, मेनका देवी, ज्योतिष कुमार, दीपक कुमार, यशोदा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ में फॉर्म भरने का कार्य शुरू

विष्णुगढ़। बिष्णुगढ़ मुख्यमंत्री मंईयां समान योजना हेतु फॉर्म भरने का कार्य पंचायत भवन सचिवालय में शुरू किया गया। मुखिया चंद्रशेखर, पर्यवेक्षक शिवकुमार प्रसाद आंगनबाड़ी सेविका सरिता देवी पंचायत समिति सदस्य राधा रानी सत्येंद्र पांडे प्रसादी यादव सोनू पांडे रवि यादव राजू यादव प्रज्ञा केंद्र संचालक राजू महतो द्रोपती देवी संगीता देवी कंचन देवी सहित काफी संख्या में 21 वर्ष से 50 50 वर्ष की उम्र की महिलाएं उपस्थित थीं।

# एनएच -522 पर भरे गये गड्ढे

**खबर मंत्र ने उठाया था दारू के झुमरा चौक में जल जमाव का मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** झुमरा चौक में एनएच 522 की सड़क अत्यंत खराब और खतरनाक हो गई थी इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे और इन गड्ढे में पानी भर जाने के कारण राहगीरों को गड्ढे का अंदाजा नही लग पाता था, जिससे आए दिन यहां दुर्घटना हो रही थी ।इस मामले को बड़ी गंभीरता से लेते हुए 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह और प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता ने सजगता दिखाते हुए राष्ट्रीय उच्च पथ के अधिकारियों से बात की और उनसे आग्रह किया कि सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द कराया जाए ।राष्ट्रीय उच्च पथ के अधिकारियों ने भी स्थिति गंभीरता को देखते हुए झुमरा चौक की सड़कों पर जेसीबी लगाकर पहले पानी को हटाया और इसमें मिट्टी भरकर रास्ता को सुगम बनाया ।इस सम्बन्ध मे खबर मन्त्र में कई दिनों से लगातार झुमरा चौक में जल जमाव का मामला प्रमुखता से उठा रहा था। अखबार में खबर छपने के बाद कई लोगों ने शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, डीसी नैनी सहाय, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित को ट्वीट कर दिया। ट्वीट के बाद राज्य सरकार, एनएच विभाग और जिला प्रशासन की नींद खुली शनिवार को दोपहर बाद झुमरा चौक को गड्ढे को भरा गया ।शशि मोहन सिंह ने कहा कि झुमरा चौक से जल्द ही अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए साथ ही सडक के दोनो तरफ नालियों को भर दिया गया है उसकी सफाई की जानी चाहिए ताकि जल कि निकासी आसानी से हो सके। रोड के बड़े बड़े गढ़ो को मोरम मिट्टी भराई का कार्य एन एच आई अधिकारी, बीडीओ , सीओ, बीससूत्री अध्यक्ष और प्रमुख की निगरानी में की गई ।

## बारिश से दारू प्रखंड में 30 घंटों से बिजली गुल

**दारू।** प्रखंड में शुक्रवार सुबह से लगातार हो रही भारी बारिश से क्षेत्रवासियों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। एनएच 522 मार्ग पर कई पेड़ सड़क पर गिर गए हैं ।सिलवार, मेरु, महेसरा, हरली और जबरा सड़क पर पेड़ गिर जाने के कारण कई बार सड़क जाम की स्थिति बन गयी जिससे छोटी बड़ी वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ।पेड़ गिरने के साथ साथ बिजली के पोल और 11000 के तार टूट गए ।जिससे शुक्रवार की सुबह से ही पूरे प्रखंड क्षेत्र में लगभग 30 घंटो से बिजली गुल है । भारी बारिश होने के कारण कवालु सब स्टेशन में 33 हजार लाइन उपलब्ध नही होने के कारण और प्रखंड में कई स्थानों पर पोल और 11 हजार तार टूट जाने से पूरे प्रखंडमें ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है ।

# कुजू में अनुकंपा पर 27 लोगों को मिला नियुक्ति पत्र



**कुजू।** सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में शनिवार को अनुकंपा के तहत नियुक्ति पत्र दिया गया। वर्चुअल ऑनलाइन के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश धनजंय वाई चंद्रचूड़ जुड़े रहे। समारोह के दौरान सीसीएल मुख्यालय के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत करीब 27 लोगों के बीच अनुकंपा के तहत नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जिसमें कुजू एरिया से 8, हजारीबाग एरिया से 13, रजरप्पा एरिया से 5 व बरकाकाना एरिया से 1 आश्रित को नियुक्ति पत्र मिला। नियुक्ति पत्र रांची मुख्यालय सहायक अधिकारियों के सहित कुजू महाप्रबंधक आरके सिन्हा, हजारीबाग, रजरप्पा बरकाकाना एरिया से आए अधिकारियों ने नियुक्ति पत्र आश्रितों के बीच वितरण किया। मौके पर अतिथियों ने नियुक्ति पत्र पाने वाले लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि इस नौकरी के बदौलत आप सभी लोग एक बेहतर जीवन यापन कर सकते हैं। साथ ही अपने परिवार के भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने उन सभी लोगों को सीसीएल को आगे ले जाने की बात कहते हुए भविष्य की मंगल कामना कर शुभकामनाएं दिया। मौके पर मुख्यालय के अधिकारी कविता, रेणु लकड़ा, एसओपी गिरिश चंद्र, पल्लव चक्रवर्ती, पवन कुमार, उदय प्रकाश, भूषण यादव, प्रताप रंजन आदि शामिल थे।

# सांसद को बरही के ग्रामीणों ने जल जमाव की दी जानकारी



**बरही।** बरसात आते ही बरही प्रखंड के कई क्षेत्रों में जल जमाव हो गया है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर सांसद मनीष जायसवाल से फरियाद लगाई। सांसद ने तत्काल पहल करते हुए बरही प्रखंड के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। बरही चौक पर मंड़ल अध्यक्ष अमित साहू के अगुवाई में भाजपाइयों ने जायसवाल का स्वागत किया। जायसवाल ने मल्लाह टोला में नाली निर्माण, इंस्पेक्टर बंगला, रेलवे स्टेशन रोड में नाली निर्माण की समस्या से अवगत हुए। ग्रामीणों ने बताया कि पानी भरने से लोगों का आवागमन दूभर हो गया। अभी भी कई जगह पर पानी भरा है। सड़कों एवं गलियों पर जगह-जगह पानी की निकासी नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशानी हो रहा है। वाहनों के आवागमन के दौरान सड़क के गंदे पानी का छींटा लोगो पर पड़ रहा है। सांसद ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान का भरोसा दिया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, युवा सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप रजक, युवा नेता आकाश जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, गोलू सिंह, मनितोष यादव, अशोक यादव, बिपिन सिन्हा, सचिन यादव, कार्तिक भगत, मो इमरान, सिक्की सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झरपो पंचायत भवन में लगा शिविर

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो, भराजो ,खैरा ,डूमर डहरभंगा, धर्मपुर, बेड़म,टाटीझरिया आठों पंचायत भवन परिसर में झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ झरपो पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिव गुड़िया रानी ने जन प्रतिनिधियों के उपस्थिति में किया। जेएसएलपीएस के उषा रानी ने महिलाओ के हितार्थ सरकार के योजना से महिलाओ को लाभान्वित करने आई पंचायत सचिव गुड़िया रानी को माला पहनाकर और प्रतिनिधियों में स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी उप प्रमुख रवि वर्णवाल, आंगनबाड़ी सेविकाओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग किया । शिविर में आए 21 से 49 वर्ष की महिला लाभुको को पंचायत सचिव ने मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना को क्षेत्रीय भाषा में बताया महिलाओ ने संतुष्ट जनक उत्तर पाकर शिविर स्थल में 3 से 10 अगस्त तक लगाए जाने वाले शिविर में लगभग 120 ऑफलाइन फॉर्म जमा किया गया ।

# केरेडारी : चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने बच्चों को दिया स्कूल बैग




**केरेडारी।** चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने शुक्रवार को परियोजना प्रभावित क्षेत्र में स्थित पगार हाई स्कूल में बच्चों को स्कूल बैग बांटा।

संस्कृति महिला समिति ने पगार हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग और ब्लीचिंग पाउडर का वितरण किया। इस मौके पर दुर्गेश, अध्यक्ष, संस्कृति महिला समिति एवं संस्कृति महिला समिति की उपाध्यक्ष राखी गुप्ता और अन्य समिति सदस्य मौजुद थे। संस्कृति महिला समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ मलेरिया, डेंगू, हैजा और डायरिया जैसी बीमारियों के कारणों और लक्षणों के बारे में जानकारी भी साझा की। उन्होंने छात्रों को मौजूदा मानसून सीजन में एहतियाती कदम उठाने की भी सलाह दी।

# राज नर्सिंग होम में लगा टीकाकरण शिविर

**नवजात शिशु व गर्भवती महिलाओं को बीसीजी, हैपाटाईटिस बी, पैन्टा, रोटा, पीसीबी, आईपीभी, ओपीभी, डीपीटी का लगाया गया टीका**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस कल्ब ऑफ भुरकुंडा अपने सामाजिक दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज सेवा में अग्रीण भूमिका निभा रहा है। इसी के निमित प्रत्येक शनिवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नासिंग होम में नि:शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को नि:शुल्क टीकाकरण शिविर लगा। कल्ब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी के द्वारा नवजात शिशु व गर्भवती महिलाओं को बीसीजी, ओपीभी, हैपाटाईटिस बी, पैन्टा, रोटा, पीसीबी, आईपीभी, ओपीभी, डीपीटी का टीकाकरण किया गया। मौके पर रेखा वर्णवाल ने कहा की लायंस भुरकुंडा स्वास्थ के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। इसी सोच के साथ शिविर में नवजात शिशु और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया की लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा नि:शुल्क टीकाकरण राज नासिंग होम में निरंतर जारी है । प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को लगाया जाता है। इसमें नवजात जीरो आयु वर्ग से 15 वर्ष के बच्चे और गर्भवती माता का टीकाकरण कराया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, एमजेएफ डॉ. राजेन्द्र महतो, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, संजय सिंह, डॉ एमके मंजुल,बीना सिंह सहित सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## एक नजर में

### मीनू महतो ने किसानों को किया जागरूक



बड़कागांव। मीनू महतो ने खाद विक्रेता भोले भाले किसानों को ठग रहे हैं। दुकानदार नकली डीएपी लाकर असली डीएपी के दामों में बेच रहे हैं। श्री महतो ने कहा कि 18 : 46 असली डीएपी है ।इसी का मूल्य कम पावर वाला डीएपी का भी दुकानदार किसान को ऊलू बना कर ठग रहे है ।सामान्य किसान कम पावर वाला को नही समझते हैं। सभी डीएपी हैं। सबों का रंग और दाना,बोरा,वजन देखने में एकही जैसा है।मगर सभी का ताकत एक जैसा नहीं है। छोटा किसान खुला खरीद में पैसा देते हैं 18:46 का और दुकानदार देता है 14: 28 डीएपी। श्री महतो ने कहा कि बाजार में नकली डीएपी भी बिकता है।उसका बोरा असली डीएपी के जैसा है ।जो खेत में 10 प्रतिशत भी काम नहीं करता है।

### चरही : बारिश से किसानों के चेहरे में खुशी

**चरही।** प्रखंड के चरही,चनारो,सडवाहा,कजरी, फुसरी,इंद्रा,जरबा सहित दर्जनों क्षेत्रों में बारिश से किसानों के चेहरे खुशी। खेतों में लगे फसलों में पूरी तरह से जान आ गए हैं। बिचडे पुन: जीवित होने लगे हैं। बारी में लगे मकई,बैगन,मिर्चा सहित अन्य लगे फसल मरने से बच गए। बारिश से कुआं, तलाब, नदी और डोभा भर गया है। किसानों ने बताया किजुताई का कार्य शुरू हो गया है।क्षेत्र में कहीं-कहीं धनरोपनी हो रहा है।

### बड़कागांव में मंइयां योजना का शुभारंभ

बड़कागांव। मुख्यमंत्री सम्मान योजना के शुभारंभ बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन परांगन में मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता के नेतृत्व में किया गया बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने लाभुको को फार्म देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। बीडीओ ने कहा कि 21 वर्ष से 50 के लाभुको को इस योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराया गया है। फॉर्म भरकर शिविर में ही ऑनलाइन करने की व्यवस्था की गई है। लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण ऑनलाइन नहीं हो सका है। कार्यक्रम 3 अगस्त से 10 अगस्त तक होना है।

### अंकित राज ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**बड़कागांव।** शुक्रवार रात भारी वर्षा के कारण सभी नदियों के जल स्तर बढ़ने से क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ। झारखंड प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज अंचल अधिकारी को लेकर सभी प्रभावित इलाको का दौरा किया। पंचायत तलसवार में शंतु साव के घर 800 मुर्गी डूबने से मौत हो गया। वही अमन वस्त्रालय दुकान डूबने से लगभग 5 लाख का कपडा नुकसान हुआ।ग्राम कोयलंग में रामदास तुरी का एक बैल तथा तीन बकरा डूबने से मौत हो गया।तापेश्वर महतो का लगभग 30 क्विंटल प्याज हुआ नष्ट। कोयलंग निवासी शंकर साव का लाखों रुपए का रखें गोदाम में धान व चारदीवारी हुआ नष्ट तथा लाखपती साव तथा ग्राम रूदी एक मिट्टी का घर ढहा। राज ने कहा कि इस आपदा में हुए नुकसान की समीक्षा कर शीघ्र भुगतान करवाना हमारी प्राथमिकता है एवं पीड़ित परिवार के सहयोग के लिए पार्टी संकल्पित है।मौके पर ग्रामीण के साथ पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे,प्रवीण कुमार,संजय कुमार,संदीप कुमार उपस्थित थे।

### दारू में मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ

**दारू।** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का ऑन लाइन फॉर्म भरने को लेकर सभी पंचायत भवनों में लगा शिविर। शनिवार के सुबह 9 बजे से महिलाएं अपना अपना फॉर्म भरने के लिए अपने अपने पंचायत भवन में पहुंचने लगे थे। सभी प्रज्ञा केंद्र के संचालक जब लिंक खोलने लगे तो लिंक नहीं खुल रहा था। महिलाएं 1 बजे तक लिंक चालू होने का इंतजार करती रही लेकिन लिंक चालू नही होने से महिलाएं बिना फॉर्म भरे बेरंग वापस लौट आई।दारू प्रखंड में कुल 445 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से सिर्फ एक आवेदन का ऑनलाइन ही हो पाया ।

### खोड़ाहर से कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**बरही।** खोड़ाहर पंचायत के नवयुवक कांवरियां संघ का एक जत्था शनिवार को बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। कांवरियों ने मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद हर हर महादेव के जयकारों के साथ सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान किया। कांवरियो में सुभाष यादव, प्रमोद कुमार, अबोध कुमार, मंटू कुमार, महेंद्र यादव, आयुष कुमार, राहुल कुमार, रंजीत कुमार शामिल है।

### मुखिया नायक ने ब्रह्मभोज मे किया सहयोग

**बड़कागांव।** चेपाकला पंचायत मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने चेपाकला पंचायत के सुबोध घांसी कि पत्नी के ब्रह्म भोज मे सहयोग किया। श्राद्ध कर्म के लिए राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में मैं हमेशा साथ खड़ा रहूंगा। मौके पर राजेश कुमार, सुनील कुमार, संतोष सिन्हा,सुरेश राणा,बुटन करमाली सहित अन्य उपस्थित थे।

### बक्शीडीह से कई कांवरिये बाबा धाम रवाना

दारू। बक्शीडीह से कांवड़ियों का एक जत्था शनिवार को बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुआ।सभी कांवड़ियों ने पुराने दुर्गा मंडप (काली मंडप) में मां दुर्गा, देवो के देव महादेव, चित्रांशों के आराध्य देव चित्रगुप्त महाराज और बजरंग बली का आशीर्वाद लिया। इसके बाद बोल बम के जयकारों के साथ सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान किया। कावड़ियों का उत्साह और भक्तिभाव देखने लायक था। इस यात्रा में शामिल कांवड़ियों में राजकुमार सिन्हा, अनुज सिन्हा, भैया नितेश, राकेश सिन्हा (टुन्ना), भैया मंजीत, भैया आजाद और भैया राजू है।

